बरेली, सोमवार
14 नवंबर, 2022
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

PAGE NO, 06, TOP

बेहतरीन पिच पर खूब लगे चौके-छक्के, खिलाड़ियों को भाई आउटफील्ड

एसआरएमएस के मैदान में हुए कूच बिहार ट्राफी मैच में जुटे दर्शकों ने बढ़ाया हौसला, चार दिनी मैच के दूसरे दिन ही उप्र की टीम ने नगालैंड को दी मात

जागरण संवाददाता, बरेली : गेंद जब बल्ले से टकराकर बाउंड्री लाइन को पार करती तो दर्शक दीर्घा में बैठे लोग खड़े होकर खिलाड़ियों में जोश भरते। किशोर खिलाड़ियों की गुगली पर जब विकेट चटखते तो पवेलियन से उन्हें उत्साहित किया जाता। एक दिन पहले ही यह साफ हो गया था कि मैच एकतरफा हो गया है, लेकिन उम्दा खेल को देखने के लिए दर्शक लालायित दिखे। पवेलियन खचाखच भरा था। नगालैंड का बल्लेबाज जब बोल्ड हुआ तो मैच उत्तर प्रदेश के नाम हो गया। इसकी खुशी दर्शकों में दिखी लेकिन यह निराशा भी थी कि चार दिन का खेल दो दिन में ही सिमट गया। बेहतरीन पिच पर लगते चौके-छक्के वह और देखना चाहते थे। खिलाड़ियों को आउटफील्ड भी काफी भायी। आयोजकों ने भविष्य में और भी बड़े स्तर के मैच कराने का वादा दर्शकों से किया।

उप्र टीम के विरुद्ध खेलते हुए बहुत कुछ सीखने को मिला : युगांधर : नागालैंड के कप्तान युगांधर ने कहा कि हम भले ही मैच हार गए, लेकिन उप्र जैसी शक्तिशाली टीम के विरुद्ध खेलते हुए हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। हम आगे भी उप्र से मैच खेलना चाहेंगे। उप्र के कप्तान आदर्श सिंह ने नागालैंड के खिलाड़ियों के क्रिकेट के प्रति समर्पण को सराहा और इस जीत को आगे बरकरार रखने का भरोसा जताया।

उन्होंने कहा कि हमने काफी अच्छा खेला और इसी की बदौलत हमें जीत हासिल हुई है। मैच रेफरी शितांशु चरन सतांगी ने कहा कि बड़े मैच के आयोजन कराने के लिए एसआरएमएस ग्राउंड पूरी तरह से तैयार है। यहां खिलाड़ियों अभ्यास के लिए अलग से प्रैक्टिस पिच तैयार हो जाए तो किसी भी तरह की कमी नहीं रहेगी।

मैच जीतने के बाद जश्न मनाती उत्तर प्रदेश की टीम ● सौ. एसआरएमएस

कूच बिहार ट्राफी में नगालैंड के लिए शाट लगाते सुजल प्रसाद ● सौ. एसआरएमएस

आदित्य मूर्ति ● सौ. एसआरएमएस

नए साल में और बड़े मैच आयोजित कराने की तैयारी

चार दिवसीय मैच के दो दिन में ही समाप्त होने पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। इसमें बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के संरक्षक व एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति व अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टाफ को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बीसीसीआइ के अधीकृत उप्र क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से कूच बिहार ट्राफी अंडर-19 मैच का पहली बार जिले में आयोजित हुआ। यह बरेली के लिए गर्व की बात है। बताया कि शहर में क्रिकेट के उत्थान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। इस सफल आयोजन के बाद अब नए साल में बरेली को इसी ग्राउंड पर और बड़े मैच देखने का मौका मिलेगा। इस क्रम में तैयारियां की जा रही है।

पहली बार स्टेडियम पहुंचकर लाइव मैच देखा तो बढ़ा हौसला

एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास के लिए आने वाले विधान पांडे बोले कि अपने ग्राउंड में पहली बार इस तरह किसी बड़े मैच को लाइव देखा तो अच्छा लगा। दोनों ही टीम के खिलाड़ियों से बालिंग और बल्लेबाजी के कई गुर सीखे।

विधान पांडे ● जागरण

करीब दो हजार दर्शकों की तालियों से गूंजा स्टेडियम

कूच बिहार ट्राफी के दूसरे दिन नगालैंड टीम का आखिरी विकेट गिरते ही दर्शक दीर्घा में बैठे करीब डेढ़ हजार लोग ने तालियां बजाकर उप्र टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तो स्टेडियम गूंज उठा। मैच आयोजन समिति के सचिव मनीष सिंह ने बताया कि बीसीसीआइ के मानक पर खरा उतरने के बाद ही एआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम को कूच बिहार ट्राफी की मेजबानी मिली थी। स्टेडियम में बेहतर मैच के आयोजन के लिए रोलर बालिंग मशीन, पवेलियन, टर्फ, विकेट प्रैक्टिस के लिए आठ विकेट उपलब्ध है। मैच खत्म होने के बाद यूपीसीए के पदाधिकारियों के साथ ही खिलाड़ियों ने भी ग्राउंड की तारीफ की।

मनीष सिंह ● जागरण